संख्या–cm-260
04/08/2019

कैंसर एण्ड मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पीटल के उद्घाटन में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना 04 अगस्त 2019 :– कंकड़बाग स्थित सवेरा कैंसर एण्ड मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पीटल का उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडू ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात हॉस्पीटल का निरीक्षण भी किया। उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार भी शामिल हुये।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, सांसद श्री जर्नादन सिंह सिग्रीवाल, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, पद्मश्री डॉ0 आर0एन0 सिंह, हॉस्पीटल के प्रबंध निदेशक डॉ0 वी0पी0 सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******